बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001

(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
*सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9473191199, 9431479774

महासचिव,
*सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :- * सआदत हसन मिन्टो
* राजेन्द्र राम

संयुक्त सचिव:- * राजयबन्द वार्डियार
* अनिल कुमार

कोषाध्यक्ष:- * चन्द्र शेखर सिंह

संयुक्त कोषाध्यक्ष:- * विनोद आनन्द

पत्रांक : 42

दिनांक 14/08/2012

सेवा में,

प्रधान सचिव,

सामान्य प्रशासन विभाग,

पटना, बिहार।

विषयः– रुपान्तरित सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना के तहत बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को सेवा में योगदान की तिथि से दिनांक 01.01.2009 को 20 (बीस) वर्ष एवं उससे अधिक अवधि की सेवा पूर्ण होने की तिथि से द्वितीय वित्तीय उन्नयन ग्रेड वेतन–7600 में स्वीकृत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार प्रशासनिक सेवा के अनेक बैच के पदाधिकारियों की सेवा अवधि योगदान के वर्ष से 01.01.2009 को तथा वर्तमान में 20 वर्ष से अधिक की हो गई है। लेकिन अभी तक इन बैच के पदाधिकारियों को रुपान्तरित सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना के तहत द्वितीय वित्तीय उन्नयन (ग्रेड वेतन–7600 में) नहीं दिया गया है जबकि अन्य प्रीमियर सेवा यथा बिहार पुलिस सेवा, बिहार अभियंत्रण सेवा(जल संसाधन विभाग) एवं पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के पदाधिकारियों को उनके संबंधित विभागों द्वारा समरुप परिस्थिति में 01.01.2009 एवं उसके बाद से 20वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने की तिथि से द्वितीय वित्तीय उन्नयन (ग्रेड वेतन–7600 में) स्वीकृत किया जा चुका है (संबंधित आदेशों की प्रति संलग्न)।

अनुरोध होगा कि उपर्युक्त के आलोक में बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को भी 01.01.2009 एवं उसके बाद से 20वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण होने की तिथि से द्वितीय वित्तीय उन्नयन ग्रेड वेतन–7600 में स्वीकृत करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन,

सुशील 14/08/12

(सुशील कुमार)

महासचिव